





# पहाड़ों से आ रही हवाओं ने बढ़ाई ठंड, तापमान लुढ़क कर पहुंचा 9.1 डिग्री

## अधिकतम तापमान में गिरावट, दिन में भी रही ठंड, दिन भर चलती रहीं हवाएं



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 नवम्बर, उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ गुजरने के बाद आसमान साफ हुआ है. इसके साथ ही लगातार चल रही ठंड हवाओ ने ठंड बढ़ा दिया है. अचानक रात के तापमान में तेजी से गिरावट आई है. पिछले चार दिनो से कड़ाके की ठंड रीवा और मऊगंज में पड़ रही है.**

इस सीजन का सबसे ठंडी रात रही, न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री पहुंच गया है. जबकि दिन का अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री रहा अभी और तापमान में गिरावट आने के साथ ठंड का असर तेज होगा. साथ ही जिले में शीत लहर जारी रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है. पहाड़ो से आ रही बर्फीली हवाओं ने अचानक ठंड को बढ़ा दिया है. प्रदेश के कई जिले शीत लहर की चपेट में है. नवम्बर के महीने में इस तरह की ठंड कई वर्षो बाद पड़ रही है. अनुमान है कि इस बार पूरे फरवरी महीने तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी. पिछले चार दिन से ठंड का असर तेज है. रात के साथ-साथ दिन में भी ठंड़ बनी रहती है. उत्तर भारत से आने वाली ठंड हवाओ ने दिन की ठंड को भी बढ़ा दिया है. सोमवार को दिन भर अच्छी खासी धूप रही, बावजूद इसके ठड का असर कम नही हुआ. शाम ढ़लते ही ठंड ने जोर पकड़ लिया. इस सीजन की पहली रात थी जब न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री पहुंच गया. आने वाले दिनो में अधिकतम तापमान में भी गिरावट आएगी. रवी की बोनी और फसल के लिहाज से ठंड फायदेमंद है. इस समय किसान गेंहू एवं दलहन की बोनी कर रहे है. जब तक ठंड हवाएं चलेगी तब तक दिन में ठंड का असर कम नही होगा. मौसम विभाग की माने तो 15 नवम्बर तक तापमान में और गिरावट आने की संभावना है. पुराने लोग बताते है कि कई वर्षो बाद ऐसा हो रहा है जब नवम्बर के महीने में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है. खासकर दिन में भी ठंड का असर ज्यादा है.

### गर्म पकड़ों की बढ़ी खरीददारी

उत्तरी हवाओ ने समूचे विंध्य को जकड़ रखा है, तेजी से तापमान में गिरावट के साथ कड़ाके की ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. रात और दिन में ठंड तेज होने पर गर्म पकड़ो की मांग तेजी से बढ़ी है. दीपावली से दुकान खोलकर बैठे तिब्बत और हिमांचल दुकानदारो की भी बिक्री शुरू हो गई है. ठंड न होने के कारण ग्राहक खरीददारी के लिये नही पहुंच रहे थे. लेकिन चार दिन से ठंड ने खरीददारी बढ़ा दी है. खन्ना चौराहा, पीली कोठी सहित कई जगह बाहर के व्यापारियों ने आकर गर्म पकड़ो की दुकान लगाई है. ठंड ने ग्राहकी बढ़ा दी है, गर्म पकड़ो की दुकानो में ग्राहको की भीड़ उमड़ रही है. कई व्यापारियों ने बताया कि इस बार कड़ाके की ठंड चार माह तक पड़ेगी और उम्मीद है कि खरीददारी भी खूब होगी. बाहर से आए व्यापारी अपने कारोबार को लेकर बेहद उत्साहित है.



# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बाइपास में धू-धू कर जल गया ट्रक

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 नवम्बर, चोरहटा थाना अन्तर्गत रीवा बाईपास के दुआरी गांव में मैदे से लदा ट्रक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया. जिससे आग भड़क उठी और देखते ही देखते धू-धू कर ट्रक जल गया. किसी तरह चालक और खलासी ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई.**

ग्रामीणो की सूचना पर चोरहटा पुलिस दमकल के साथ पहुंची और आग पर काबू पाया. लेकिन कुछ देर बाद फिर से आग भड़क उठी और पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया. जानकारी के मुताबिक मैदा से लोड़ ट्रक क्रमांक एपी 16 टीई 1855 बाईपास से गुजर रहा था. अचानक रात में हाई टेंशन लाइन की चपेट में दुआरी गांव के पास आ गया. ट्रक में आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर ली. किसी तरह ट्रक चालक और खलासी जान बचाकर भागे. बताया गया है कि ट्रक प्रयागराज के रास्ते रीवा मैदा लोड़ कर आ रहा था और रास्ते में आगजनी का शिकार हो गया.

बताया गया है कि चालक रास्ता भटक कर बाईपास से ग्रामीण मार्ग में घुस गया और हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया. आग लगने के बाद ग्रामीणो ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर दमकल पहुंचा और आग बुझाई, लेकिन बाद में फिर से आग लग गई. लेकिन जब तक दमकल वापस आता तब तक ट्रक पूरी तरह से जल चुका था. फिलहाल चोरहटा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है. जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि आखिर ट्रक में कैसे लगी.

# जनजातीय गौरव दिवस रथयात्रा का आज होगा शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 नवम्बर, भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जायेगी. मुख्य समारोह 15 नवम्बर को कोल भवन रीवा में आयोजित किया जायेगा.**

जिले भर में जनजातीय गौरव यात्रा निकाली जायेगी. जनजातीय गौरव रथयात्रा 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिले के सभी विकासखण्डों का भ्रमण करेगी. इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक विकास का संदेश देने के लिए रथयात्रा आयोजित की जा रही है.

रथयात्रा 11 नवम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट रीवा से आरंभ होगी. रीवा में चोरहटा आदिवासी बस्ती, गोड़हर, नया बस स्टैण्ड, इटौरा, सगरा, बैकुण्ठपुर तथा सिरमौर पहुंचेगी.

रथयात्रा उत्कृष्ट बालक छात्रावास में रात्रि विश्राम करेगी. रथयात्रा 12 नवम्बर को सिरमौर वार्ड क्रमांक 2 कैमहा प्लाट शुरूआत कटांगी, जवा का भ्रमण करते हुए सितलहा में सीनियर बालक छात्रावास में विश्राम करेंगी. रथयात्रा 13 नवम्बर को अतरैला, चौरीडांडी, बौसढ़, लोहगढ़, जतरी तथा लोनी 521 गांव का भ्रमण करते हुए डभौरा में सीनियर बालक छात्रावास में विश्राम करेंगी. रथयात्रा 14 नवम्बर को ग्राम घूमन, गोदकला, कोलगढ़ी भैरव मंदिर तथा सोहागी का भ्रमण करते हुए गंगेव में उत्कृष्ट छात्रावास में रात्रि विश्राम करेंगी.

## संक्षिप्त



### राहुल गांधी से मिले शहर अध्यक्ष अशोक पटेल

**रीवा,** पमचढ़ी में जिला अध्यक्षो के प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहुंचे. जहा सभी का उत्साहवर्धन किया. सत्य-न्याय और सच्चाई की लड़ाई लड़ने के लिये सभी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया. साथ ही कांग्रेस के शहर एवं जिला अध्यक्षो के परिवार के साथ बैठकर चर्चा की. शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल एवं उनकी पत्नी पार्षद श्रीमती नीतू अशोक पटेल और दोनो बच्चो के साथ बैठकर चर्चा की, साथ में फोटो भी खिचाई. यह एक बड़े नेता का अपने पार्टी के कार्यकर्ता के प्रति स्नेह ही था और एक परिवार के मुखिया की तरह राहुल गांधी ने पार्टी को मजबूत करने का मार्गदर्शन देने के साथ भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार से जनता की हितो की रक्षा के लिये कैसे लड़ना है इसके लिये भी मार्गदर्शन दिया.

### संभागीय टीएल बैठक आज

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 11 नवम्बर को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगे. बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, ई आफिस, संभागीय समीक्षा बैठक के निर्देशों में की गई कार्यवाही तथा कृषि आदान एवं धान उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी. सभी संबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### वेतन निर्धारण सत्यापन के लिए अपलोड कराएं अभिलेख

**रीवा,** संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा टीएन टेकाम ने सभी कोषालय अधिकारियों तथा कार्यालय प्रमुखों से वेतन निर्धारण सत्यापन के लिए आवश्यक अभिलेख अपलोड करने का अनुरोध किया है. संयुक्त संचालक ने कहा है कि सभी आहरण संवितरण अधिकारी शासकीय सेवक की सेवा पुस्तिका तथा उससे जुड़े अन्य अभिलेख पोर्टल पर अपलोड करा दें. अभिलेखों के समय पर प्राप्त न होने के कारण वेतन निर्धारण सत्यापन में देरी हो रही है.

### मतदाता सूची पुनरीक्षण संबंधी बैठक कल

**रीवा,** कलेक्ट्रेट सभागार में 12 नवम्बर को सुबह 11 बजे से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी है. बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रकों के वितरण तथा मतदाता सूची के मैपिंग की विधानसभावार समीक्षा करेंगी. बैठक में आयुक्त नगर निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सभी रजिस्ट्रीकरण तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे.




### प्रशिक्षु आरक्षकों ने किया पुलिस लाइन का भ्रमण

**रीवा,** पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में, 93वां नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025 -26 के प्रशिक्षणार्थियों आंतरिक प्रशिक्षण में उन्हें व्यवहारिक ज्ञान देने के लिए टोली नंबर 5,6 एवं 7 के 84 प्रशिक्षु नवआरक्षकों को व उनके मेंटर्स निरीक्षक विनोद सिंह, उप निरीक्षक के.पी. सिंह, जितेंद्र चिकवा व डी.आई.सत्येंद्र सिंह के द्वारा रीवा जिले की पुलिस लाइन/रक्षित निरीक्षक कार्यालय का भ्रमण कराया गया जहां उन्हें रोजनामचा लेखन, आरमोररी शाखा, मोटर व्हीकल शाखा, स्टोर शाखा, कैश शाखा, बीडीडीएस , डॉग स्काट, मददगार, कल्याण शाखा, आदि के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई. पुलिस लाइन के द्वारा किए जाने वाले सभी महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी गई. इसके साथ ही जिले के अन्य कार्यालय जैसे जिला चिकित्सालय, होमगार्ड कार्यालय, कंट्रोल रूम, सीएसपी कार्यालय, थाना सिविल लाइन, महिला थाना, परिवार परामर्श केंद्र, एसजेपीयू, आजाक थाना , साइबर सेल, जिला विशेष शाखा, डीएम कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, लोक अभियोजन कार्यालय, जिला एवं सत्र न्यायालय का गतिविधि अवलोकन प्रशिक्षण भ्रमण करवाया गया. जहां उन्हे हर कार्यालय के व्यावसायिक कार्य प्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया.



# केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने सरदार पटेल की प्रतिमा का किया अनावरण

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 10 नवम्बर, अपना दल ( एस ) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मऊगंज जिले के पटेहरा में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृतलाल पटेल ने की, जबकि संचालन मान सिंह पटेल द्वारा किया गया. कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश की एकता और अखंडता में सरदार पटेल के योगदान को याद किया. अनुप्रिया पटेल ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया. इस अवसर पर मंच पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल, राष्ट्रीय सचिव सूर्यभान सिंह, विधायक प्रदीप पटेल मऊगंज, विधायक डॉ. सुनील पटेल रोहनिया, उत्तर प्रदेश, विधायक डॉ. आर. के. सिंह मड़ियाहूं, यूपी, विधायक जीतलाल पटेल विश्वगंज, प्रतापगढ़ तथा राज्य मंत्री रेखा पटेल, मान सिंह बिसेन, डॉ. अखिलेश पटेल, अशोक पटेल, सुखेन्द्र सिंह पटेल, डी. पी. पटेल, त्रिलोकी सिंह, रघुनंदन पटेल, हरदास कुशवाहा, सीता शरण सिंह मौजूद रहे.

# केन्द्रीय जेल में महिला बंदियों को दी गई विधिक जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 नवम्बर, केन्द्रीय कारागार में महिला बैरक में महिला बंदियों को उनके विधिक अधिकार एवं विधिक जागरुकता हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया.**




शिविर में मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश श्रीमती अंजली पारें ने महिला बंदियो को उनके विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र ने महिला बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में बताया. प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा ने महिला बंदियों के साथ जेल में निवासरत बालकों के सबंध में उनके अधिकार व जेल में बालकों को प्राप्त होने वाली मूलभूत सुविधाओं के सबंध में जागरुक किया. जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत जेल में आयोजित होने वाले आयोजनो के सबंध में प्रकाश डाला. आभार जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने ज्ञापित किया. इस अवसर पर महिला बंदियों एवं उनके बच्चों को फल विस्किट एवं महिला बंदियों हेतु सेनटरी पैड भी वितरित किये गये. इस अवसर पर श्याम सिंह कुशवाहा, श्रीमती पूजा मिश्रा, भीम सिंह, श्रीमती आरती तिवारी, सुमित सिंह मौजूद रहे.

# बीएलओ विभागीय कार्यों से रहेंगे मुक्त

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 नवम्बर, जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है.**

प्रत्येक मतदान केन्द्र में तैनात बीएलओ 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर गणना पत्रक के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं. गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरा होने तक सभी बीएलओ तथा गहन पुनरीक्षण में तैनात अन्य कर्मचारी विभागीय दायित्व से मुक्त करेंगे.

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया है कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसंबर तक किया जा रहा है. इस अवधि में सभी बीएलओ को निर्वाचन आयोग पर प्रतिनियुक्ति में मना जायेगा और वे सभी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के प्रावधानों के तहत निर्वाचन आयोग के अनुशासनिक नियंत्रण के अधीन होंगे.

# प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी को नहीं पकड़ रही विवि पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 नवम्बर, विश्वविद्यालय थाना अन्तर्गत बोदाबाग नीम चौराहे के पास प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस नही पकड़ रही है. एफआईआर दर्ज करने के चार दि बीत जाने के बाद भी आज तक आरोपी पकड़ से दूर है. वही घायल अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है. पीड़ित के परिवार ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाए है.**

जानकारी के मुताबिक बीते 6 नवंबर की रात्रि को पीड़ित रजनीश अग्निहोत्री अपने घर की तरफ जा रहे थे, तभी नीम चौराहे पर जिओ ऑफिस के समीप, मृगेंद्र सिंह गहरवार नामक व्यक्ति ने अपने 5-6 साथियों के साथ मिलकर रजनीश अग्निहोत्री पर राड और डंडे से प्राण घातक हमला कर दिया. जिसमें रजनीश अग्निहोत्री के सर नाक एवं हाथ पाव में काफी चोट आई है. हमले में इतनी जोर से सर पर प्रहार किया गया की रजनीश अग्निहोत्री का सर फट गया और नाक की हड्डी टूट गयी हैं और सर मे टांके लगाने पड़े. घटना के दौरान रजनीश अग्निहोत्री की जेब में रखे 5500/-रुपये चस्मा और अलमारी की चाभी लूट ले गए. हमला करने वाला व्यक्ति जिला प्रबंधक रोजगार एवं कौशल उन्नयन के पद पर राष्ट्रीय अजीविका मिशन जिला रीवा में कार्यरत है एवं घटना दिनांक से ही वह फरार बताया जा रहा है. घटना मे जिस गाड़ी का उपयोग मृगेंद्र सिंह गहरवार ने किया था उसका पंजीयन नंबर सीजी 04 एचएम 1101 है. घटना की एफ आई आर विश्वविद्यालय थाना रीवा में की गई है लेकिन आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से बहुत दूर है. शासकीय कार्यालय जैसी जगह पर कार्यरत होने के बावजूद भी इस घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति मृगेंद्र सिंह गहरवार का फरार होना और पुलिस का ना पकड़ पाना समझ से परे है और विश्वविद्यालय पुलिस की कार्य शैली इस मामले में चर्चा का विषय बनी हुई है. पीड़ित रजनीश अग्निहोत्री उसी दिन से संजय गांधी अस्पताल इलाज करवा रहे हैं और प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं कि आरोपी को पकड़ कर कार्यवाही की जाय. पीड़ित के बड़े भाई और वरिष्ठ पत्रकार सुनील अग्निहोत्री ने भी शासन प्रशासन से न्याय की माँग की है.

# अवैध निर्माण मिलने पर नगर निगम तोड़ेगा भवन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 नवम्बर, निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने आज टीएल बैठक ली. उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी शिकायतों का तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए.**



आवारा कुत्तों की शिकायतों पर उन्होंने निर्देशित किया कि समस्या के रोकथाम हेतु चयनित संस्था को कार्यादेश उपरांत कार्ययोजना तैयार करने और शीघ्र कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए जाएं. ललपा नाली की टूटने की शिकायत पर उन्होंने तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए. कम गुणवत्ता वाले निर्माण कार्यों पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए तथा संविदाकारों से तत्काल सुधार के साथ जुर्माने एवं दंडात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए. सीवर रेस्टोरेशन कार्यों पर आयुक्त ने निर्देशित किया कि शीघ्र रेस्टोरेशन की योजना प्रस्तुत की जाए और प्रतिदिन का माइलस्टोन तय कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए. उन्होंने अवैध निर्माणों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए और कहा कि ऐसे मामलों में भवन तोड़ने की कार्यवाही की जाए. साथ ही निर्मित हो चुके बड़े व्यावसायिक भवनों में नियमानुसार कंपाउंडिंग की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए. बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एम.एस. सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री मौजूद रहे.

# मऊगंज में जनजातीय गौरव दिवस रथयात्रा आज

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 10 नवम्बर, भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है.**

मुख्य समारोह 15 नवम्बर को कलेक्ट्रेट मऊगंज में आयोजित किया जायेगा. इस क्रम में जिले भर में जनजातीय गौरव यात्रा निकाली जायेगी. जनजातीय गौरव रथयात्रा 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिले के सभी विकासखण्डों का भ्रमण करेगी. कलेक्टर ने बताया कि जिले के जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक विकास का संदेश देने के लिए रथयात्रा आयोजित की जा रही है. रथयात्रा 11 नवम्बर को सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट मऊगंज से आरंभ होगी.

# मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया को बना दिया मजाक : विनोद

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 नवम्बर, निर्वाचन आयोग और मध्य प्रदेश सरकार ने जिस आधी-अधूरी तैयारी के साथ प्रदेश में मतदाता सूचियों की जाँच अर्थात एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की है.**



उसने मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया का मज़ाक बना दिया है. चुनाव आयोग जनता को मूर्ख बना रहा है. प्रदेश काँग्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के बहुत से ज़िलों में मतदाता बीएलओ का इंतज़ार कर रहे हैं और बीएलओ फ़ॉर्म मिलने का इंतज़ार कर रहे हैं. हालत यह है कि ज़िलों में अभी तक फ़ॉर्म के प्रिंटआउट तैयार नहीं हुए हैं और न बीएलओ को दिए गए हैं. जहाँ कहीं फ़ॉर्म दिए भी जा रहे हैं, वे आधे अधूरे भरे हैं. श्री शर्मा ने कहा कि 2003 की मतदाता सूची बीएलओ के पास उपलब्ध नहीं है और वे आशा कर रहे हैं कि मतदाता ही ख़ुद इंटरनेट से जाँच करके यह बताएँ कि उनका नाम तब था या नहीं था. श्री शर्मा ने कहा मध्य प्रदेश जैसी ग्रामीण आबादी वाले राज्य में जनता के ऊपर इंटरनेट से 2003 की मतदाता सूची में अपना नाम ढूँढने की ज़िम्मेदारी डालना वोटर के साथ सरासर अन्याय है. विनोद शर्मा के अनुसार भारत के संविधान में स्पष्ट प्रावधान है कि नागरिकों को मतदाता बनाना चुनाव आयोग की ज़िम्मेदारी है. इसलिए आयोग ने जो बातें काग़ज़ पर कहीं है, उनका ज़मीन पर भी पालन करें.